कुल प्रश्नों की संख्या : 27]
Total No. of Questions : 27]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12
[Total No. of Printed Pages : 12

2021318

विषय : अर्थशास्त्र
Subject : Economics

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

निर्देश: (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए, (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए, (स) सत्य/असत्य लिखिये और (द) सही सम्बन्ध जोड़िए। प्रत्येक पर 1 अंक आबंटित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

(4) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

(6) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है और प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 26 और 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है और प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

Instructions :

(i) All questions are compulsory.

(ii) Q.No.1 is multiple choice question, fill in the blanks, true or false and match the following. Which carry 1 mark each.

(iii) Q.No. 2 to 13 are very short answer type questions. Each carries 2 marks.

(iv) Q.No. 14 to 19 are short answer type questions. Each question carries 3 marks.

(v) Q.No. 20 to 23 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal option.

(vi) Question No. 24 and 25 are long answer type questions and every question has an internal option and carries 5 marks each.

(vii) Question No. 26 & 27 are long answer type questions and every question has an internal option and carries 6 marks each.

प्रश्न-1 (अ) सही उत्तर चुनकर लिखिए - [1×5=5]

(A) Choose the right answer -

(i) आर्थिक विकास की साधारण माप है -

(अ) प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद

(ब) जनसंख्या का स्वास्थ्य व शिक्षा का स्तर

(स) जनसंख्या की वृद्धि दर

(द) उपर्युक्त सभी।

(i) The common measure of economic development is -

(a) Per Capita GDP

(b) The level of health and education of the population

(c) The rate of population growth

(d) All of the above.

(ii) 2011 में भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान लगभग था –

(अ) 10%

(ब) 20%

(स) 17%

(द) 25%.

(ii) Contribution of agriculture to India's National Income in 2011 was around -

(a) 10%

(b) 20%

(c) 17%

(d) 25%.

(iii) सांख्यिकी समंक हैं –

(अ) तथ्यों के संख्यात्मक विवरण

(ब) गुणात्मक जानकारी

(स) गुणात्मक और परिमाणात्मक जानकारी

(द) एक अकेला तथ्य या संख्या।

(iii) Statistical data are -

(a) Numerical statement of facts.

(b) Qualitative information.

(c) Both quantitative and qualitative information.

(d) Single or isolated facts and figures.

(iv) कुल लागत ज्ञात करने के लिए हमें औसत लागत को उत्पादन की मात्रा से ..... करना होगा –

(अ) गुणा

(ब) भाग

(स) जोड़

(द) घटाना।

(iv) To find Total Cost we have to ..... average cost by quantity of output -

(a) Multiply

(b) Divide

(c) Add

(d) Subtract.

(v) माँग वक्र और आपूर्ति वक्र के कटान का बिन्दु प्रदर्शित करता है –

(अ) संतुलन कीमत

(ब) संतुलन मात्रा

(स) संतुलन कीमत और मात्रा दोनों

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(v) Point of intersection of demand curve and supply curve shows -

(a) The equilibrium price

(b) The equilibrium quantity

(c) Both equilibrium price and quantity

(d) None of the above.

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – [1×5=5]

(B) Fill in the blanks -

(i) एक वित्तीय वर्ष के दौरान अनुमानित व्यय एवं राजस्व से संबंधित समेकित विवरण ..... कहलाता है।

(i) A consolidated financial statement related its estimated expenditures and revenue during a financial year is called .....

(ii) सम स्तर बिंदु पर उपभोग तथा आय ..... होते हैं।

(ii) At break even point consumption and income are .....

(iii) एकाधिकार फर्म में फर्म की संख्या ..... होती है।

(iii) In monopoly firm the number of firm is .....

(iv) माँग के ..... आवश्यक तत्त्व होते हैं।

(iv) There are ..... essential elements of demand.

(v) गैर नगद हितलाभ भी कर्मचारियों के ..... का हिस्सा होता है।

(v) Non cash benefits are also part of the ..... of employees.

(स) सत्य/असत्य लिखिए – [1×5=5]

(C) Write True or False -

(i) निवासी की अवधारणा 'नागरिक' से अलग होती है।

(i) The concept of resident is different from the concept of 'citizen'.

(ii) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में क्रेताओं और विक्रेताओं की संख्या कम होती है।

(ii) There is less number of buyers and sellers in the perfect competition market.

(iii) कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, जब सीमांत उपयोगिता शून्य होती है।

(iii) Total utility is maximum, when marginal utility is zero.

(iv) मानक विचलन का संख्यात्मक मूल्य कभी भी धनात्मक नहीं हो सकता।

(iv) The numerical value of standard deviation can never be positive.

(v) भूमि उत्पादन का एक साधन है।

(v) Land is a factor of production.

(द) सही जोड़ी बनाइये – [1×5=5]

खण्ड – अ		**खण्ड – ब**
(i) प्रथम पंचवर्षीय योजना	(अ)	3
(ii) कुल लागत के तत्त्व	(ब)	1997
(iii) दण्ड चित्र के भेद	(स)	0
(iv) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना	(द)	2
(v) शून्य उत्पादन पर परवर्ती लागत होती है	(इ)	1951

(D) Match the following -

(A)		**(B)**
(i) First five year plan	(a)	3
(ii) Factors of Total Cost	(b)	1997
(iii) Types of Bar Charts	(c)	0
(iv) Swarna Jayanti Shahari Rozgar Yojna	(d)	2
(v) At zero output, variable cost is	(e)	1951

प्रश्न–2 भारत में आर्थिक नियोजन के कोई दो उद्देश्य लिखिए। [1+1=2]

Write any two objectives of Economic Planning in India.

प्रश्न–3 प्राथमिक आँकड़ों के प्रमुख स्रोत क्या हैं? [2]

What are major sources of Primary data ?

प्रश्न–4 रॉबिन्स के अनुसार अर्थशास्त्र को परिभाषित कीजिये। [2]

Define Economics according to Robbins.

प्रश्न–5 चयन की समस्या क्यों उत्पन्न होती है? [2]

Why the selection problem arises ?

प्रश्न–6 'सीमांत उपयोगिता' से क्या आशय है? [2]

What is Marginal Utility ?

प्रश्न–7 जल की माँग क्यों बेलोच है? [2]

Why is the demand of water inelastic ?

प्रश्न–8 प्राथमिक आगतें क्या हैं? [2]

What are Primary inputs ?

प्रश्न–9 अंतर्निहित लागत किसे कहते हैं? [2]

What is implicit cost ?

प्रश्न–10 उत्पादन के स्थिर साधन कौन–कौन से हैं? [2]

What are the fixed factors of Production ?

प्रश्न–11 बाजार संरचना का न्यूनतम प्रतियोगी रूप कौन–सा है? [2]

Which is the least competative of market structure ?

प्रश्न-12 गैर साधन आय के कोई दो उदाहरण लिखिये। [2]

Write any two examples of non factor income.

प्रश्न-13 मुद्रा के दो प्राथमिक या आधारभूत कार्य कौन-से हैं? [2]

What are the two primary or basic functions of money ?

प्रश्न-14 भारत में बेरोजगारी के क्या कारण हैं? (कोई 3) [1+1+1=3]

What are the causes of unemployment in India ? (any 3)

प्रश्न-15 प्रत्येक अर्थव्यवस्था में आर्थिक समस्याएँ क्यों उत्पन्न होती हैं? [3]

Why do economic problems arise in every economy ?

प्रश्न-16 आपूर्ति का क्या अभिप्राय है? [3]

What is the meaning of the term 'Supply' ?

प्रश्न-17 बाजार की विशेषताएँ लिखिये। (कोई 3) [1+1+1=3]

Write the features of Market. (any 3)

प्रश्न-18 राजकोषीय नीति के घटक कौन-से हैं? (कोई 3) [3]

What are the components of Fiscal Policy ? (any 3)

प्रश्न-19 केन्द्रीय बैंक के प्रमुख कार्य लिखिये। (कोई 3) [1+1+1=3]

Write the major functions of Central Bank. (any 3)

प्रश्न-20 किसी वस्तु की व्यक्तिगत माँग को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों का वर्णन कीजिये। [2+2=4]

Explain any two factors affecting individual demand for a commodity.

(अथवा)

(OR)

किसी वस्तु की बाजार माँग को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों का वर्णन कीजिये।

Explain any two factors affecting market demand for a commodity.

प्रश्न-21 अंतिम व्यय विधि से राष्ट्रीय आय की गणना में क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए? [1+1+1+1=4]

Point out some of the precautions taken in estimating National Income through the final expenditure method.

(अथवा)

(OR)

मध्यवर्ती और अंतिम वस्तुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

Distinguish between Intermediate goods and Final goods. (any four)

प्रश्न-22 यदि निवेश में वृद्धि 50 करोड़ रुपये होती है और आय 1000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1200 करोड़ रुपये हो जाती है तो गुणक ज्ञात कीजिये। [4]

If increase in investment is Rs. 50 crores and income increases from Rs. 1000 crores to Rs. 1200 crores, then find out multiplier.

(अथवा)

(OR)

किसी देश में उपभोग की राशि 800 करोड़ रुपये है, जो कि इसकी कुल प्रयोज्य आय का 80 प्रतिशत है। प्रयोज्य आय की राशि क्या है?

In a country consumption amount is Rs. 800 crore which is 80 percent of its total disposable income. What is the amount of disposable income ?

प्रश्न-23 प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर में अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई चार) [4]

Distinguish between Direct and Indirect tax. (any four)

(अथवा)

(OR)

टिप्पणी लिखिये – [2+2=4]

(i) पूँजीगत व्यय

(ii) राजस्व व्यय।

Write short note on :-

(i) Capital Expenditure

(ii) Revenue Expenditure.

प्रश्न–24 सांख्यिकी की कोई पाँच सीमाएँ लिखिये। [1+1+1+1+1=5]

Write any five limitations of Statistics.

(अथवा)

(OR)

सांख्यिकी के मुख्य कार्यों को स्पष्ट कीजिये। (कोई पाँच)

Explain main functions of Statistics. (any five)

प्रश्न–25 एक अस्पताल में प्रति घंटे रोगियों के परीक्षण से सम्बंधित आँकड़े नीचे दिये गये हैं :– [5]

जाँच किये गये रोगियों की संख्या	10	12	15	20	13	24	17	18	25

माध्यिका की गणना कीजिये।

The following data relates to the no. of patients examined per hour in a hospital -

No.of Patients Examined	10	12	15	20	13	24	17	18	25

Calculate the Median.

(अथवा)

(OR)

निम्नलिखित आँकड़ों की सहायता से सन् 2018 को आधार वर्ष मानकर वर्ष 2019 का मूल्य सूचकांक सरल समूहीकरण विधि से ज्ञात कीजिये –

वस्तु	वर्ष 2018 के मूल्य	वर्ष 2019 के मूल्य
अ	1	5
ब	2	4
स	3	3
द	4	2

From the following data compute price index number for the year 2019 taking 2018 as the base year using simple aggregative method :-

Commodity	Price in the year 2018	Price in the year 2019
A	1	5
B	2	4
C	3	3
D	4	2

प्रश्न–26 भारतीय अर्थव्यवस्था की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिये। [2+2+2=6]

Describe any three features of Indian economy.

(अथवा)

(OR)

आर्थिक संवृद्धि और आर्थिक विकास में अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई तीन)

Differentiate between economic growth and economic planning. (any three)

प्रश्न-27 7 मजदूरों की दैनिक मजदूरी निम्नलिखित है :- [6]

(रु.) 120, 70, 150, 100, 190, 170, 250.

मजदूरी का (रुपये में) चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए।

Find out the quartile deviation of daily wages (in Rs.) of 7 persons is given below :-

120, 70, 150, 100, 190, 170, 250.

(अथवा)

(OR)

एक कक्षा के 60 छात्रों के प्राप्तांक निम्नानुसार हैं :-

अंक	20	30	40	50	60	70
छात्रों की संख्या	8	12	20	10	6	4

प्रत्यक्ष विधि द्वारा समान्तर माध्य की गणना कीजिए।

From the following data of the marks obtained by 60 students of a class :-

Marks	20	30	40	50	60	70
No. of Students	8	12	20	10	6	4

Calculate the arithmetic mean by direct method.

✶✶✶